# समाचार

## मृत्युंजय महिला मण्डल ने मनाया सावन उत्सव

## (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने दी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति)



कोरबा 17 अगस्त 2016 –महामृत्युंजय महिला मण्डल नगर पालिक निगम कोरबा ने 16 अगस्त मंगलवार को सावन उत्सव का आयोजन किया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की तथा इस मौके पर आयोजित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाया।

नगर पालिक निगम कोरबा के आवासीय परिसर स्थित मनोरंजनगृह में महामृत्युंजय महिला मण्डल नगर निगम कोरबा ने 16 अगस्त मंगलवार को सायं 6 बजे से 9 बजे तक सावन उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए आयोजन का शुभारंभ किया। महिला मण्डल की सदस्यों ने महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल का हार्दिक स्वागत किया। इस मौके पर मृत्युंजय महिला मण्डल के सदस्यों द्वारा विभिन्न मनोमुग्धकारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि मृत्युंजय महिला मण्डल द्वारा सावन उत्सव का बहुत ही सुंदर आयोजन किया गया है तथा इस आयोजन में प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम मन को मोह लेने वाले हैं, उन्होने महिला मण्डल की सदस्याओं को इस सुंदर आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के दौरान महापौर की पुत्रवधु श्रीमती चांदनी अग्रवाल, श्रीमती सपना चौहान, श्रीमती कुसुम द्विवेदी, श्रीमती कामिनी वर्मा, श्रीमती उर्मिला मिश्रा, श्रीमती प्रेमा शुक्ला, श्रीमती अल्का माहेश्वरी, श्रीमती सरिता शाण्डिल्य, श्रीमती बिमलेश सिंह, श्रीमती कुसुम बघेल, श्रीमती शिवकुमारी,

श्रीमती मंजू शर्मा, श्रीमती मंजू स्वर्णकार, श्रीमती मनीषा गोस्वामी आदि के साथ मृत्युंजय महिला मण्डल की अन्य सदस्यगण उपस्थित थी।